जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्ष 9वें पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंच रहे हैं

...

बांग्लादेश की संसद की अध्यक्ष और ऑस्ट्रेलिया की संसद के दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारी पी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे

...

नई दिल्ली, 10 अक्तूबर, 2023: जी 20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारी 13 अक्तूबर 2023 से शुरू हो रहे नौवें पी20 संसदीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंच रहे हैं।

बांग्लादेश की संसद की अध्यक्ष, महामहिम डॉ. शिरीन शर्मिन चौधरी आज नई दिल्ली पहुंची। बांग्लादेश की संसद पी20 शिखर सम्मेलन के आमंत्रित सदस्यों में से एक है। महामहिम, डॉ चौधरी का भारत की संसद की ओर से सांसद, श्रीमती लॉकेट चटर्जी द्वारा गर्मजोशी और भारतीय परम्परा के अनुसार स्वागत किया गया।

ऑस्ट्रेलिया की सीनेट की प्रेजिडेंट, माननीय सुश्री सू लाइन्स और ऑस्ट्रेलिया के हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव के स्पीकर, माननीय श्री मिल्टन डिक शनिवार, 07 अक्तूबर, 2023 को नई दिल्ली पहुंचे थे। दोनों पीठासीन अधिकारियों का स्वागत सांसद, डॉ. हर्ष वर्धन ने किया।

कोरिया गणराज्य, सऊदी अरब, इंडोनेशिया और यूनाइटेड किंगडम के प्रतिनिधिमंडल भी आज पहुंचने वाले हैं।

भारत के प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी 13 अक्तूबर 2023 को जी 20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी 20) का उद्घाटन करेंगे। इस शिखर सम्मेलन में जी-20 देशों के अलावा 10 अन्य देश और अंतर्राष्ट्रीय संगठन भाग लेंगे। पैन अफ्रीकी संसद के पीठासीन अधिकारी पहली बार भारत में पी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

पी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान चार उच्च स्तरीय सत्र आयोजित किये जायेंगे, जो इस प्रकार हैं:

• सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाना

• सतत ऊर्जा परिवर्तन

• महिलाओं के नेतृत्व में विकास

• पब्लिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन लाना

'वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना के साथ, पी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत का लक्ष्य अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और न्यायसंगत विश्व के निर्माण के लिए जटिल वैश्विक मुद्दों का सर्वसम्मति से समाधान करना है।